# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साई आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com


पत्र संख्याः 6392 / M-16 / 182 दिनांकः 25/07 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " **सीतापुर में सम्पर्क मार्ग कीचड़–गड्ढों में तब्दील : गडरियनपुरवा के 200 लोग परेशान, एम्बूलेंश भी नहीं पहुंच पाती गांव** " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " **सीतापुर में सम्पर्क मार्ग कीचड़–गड्ढों में तब्दील : गडरियनपुरवा के 200 लोग परेशान, एम्बूलेंश भी नहीं पहुंच पाती गांव** " शीर्षक से दिनांक 23.07.2026 को प्रकाशित खबर की जाँच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के क्रम में सादर अवगत कराना है कि प्रकाशित खबर विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत मोहारी ग्रामीण पेयजल योजना से सम्बन्धित है। उक्त प्रश्नगत मार्ग में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लगभग 02 वर्ष कच्चे में पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया था, जिसे तत्काल ही मोटरेबल कर सुगम संचालन योग्य बना दिया गया था। मौके पर ग्रामीणों से वार्ता की गई जिसमें ग्रामीणों नई सड़क की मांग की जा रही है। अतः उक्त प्रश्नगत प्रकरण जल निगम (ग्रामीण) से सम्बन्धित नहीं है।

विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत मोहारी में अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के द्वारा निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत में 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 25.94 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 987 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 01 नग बाउण्ड्रीवाल- 70 प्रतिशत, 01 नग शिरोपरि जलाशय 70 प्रतिशत, 21.93 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 76 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य प्रगति पर है।

उपरोक्त योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराये जाने की लक्षित तिथि दिसम्बर 2028 है। तदानुसार कार्य प्रगति पर है। जिन्हें निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर योजनाओं को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय,
Santosh
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।**
**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।
2. जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि फर्म के माध्यम से लीकेज मरम्मत कार्य पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति सुचारू कराना सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को इस निर्देश के साथ कि लीकेज मरम्मत कार्य पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति सुचारू कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**